Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to maqke available pure water to every home under 'Jal Jeevan Mission' in Jharkhand.

**श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग):** माननीय सभापति महोदय, आपको और इस सदन को अच्छे तरीके से मालूम है कि स्वच्छ जल की व्यवस्था एक मानव अधिकार माना जाता है । न सिर्फ हमारे देश में, बल्कि विश्व भर में स्वच्छ जल की व्यवस्था करना हम लोगों की जिम्मेदारी है, हम लोगों का कर्तव्य है कि हम लोग हर घर तक इसे पहुंचाएं । माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व के कारण हम लोगों ने 'जल जीवन मिशन' को लागू किया है और इसके द्वारा हर राज्य को व्यवस्था दी जा रही है, साधन दिए जा रहे हैं कि हम लोग हर नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाएं ।

सभापति महोदय, आपको मालूम है कि मेरा गृह राज्य झारखण्ड है । हमारे गृह राज्य में आज मल्टी-डायरमेंश्नल पॉवर्टी की जो एनालिसिस हुई है, उसमें यह स्पष्ट नजर आया है कि झारखण्ड एक बहुत ही पिछड़ा हुआ राज्य है और इस कारण झारखण्ड सरकार का यह कर्तव्य और यह जिम्मेदारी बनती है कि जल्द-से-जल्द हर घर को स्वच्छ जल की व्यवस्था दी जाए और इसके लिए उन्हें सभी सहयोग और साधन मिल भी रहे हैं ।

महोदय, दु:खद बात यह है कि आज झारखण्ड में करीब 50 लाख ऐसे घर हैं, जहां स्वच्छ जल की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है । मेरे ही जिले हजारीबाग और रामगढ़ में आज के समय करीब 19 प्रतिशत यानी तीन लाख ऐसे घर हैं, जहां स्वच्छ जल की व्यवस्था नहीं दी जा रही है । अन्य सभी जो साधन हैं, चाहे डी.एम.एफ.टी., केन्द्रीय संस्थाएं हों, उनके द्वारा 'जल मीनार' बनाकर, चापाकल बनाकर हम लोग जल की व्यवस्था करवा रहे हैं, लेकिन मैं आपके माध्यम से और सदन के माध्यम से राज्य सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा

कि हमारे हजारीबाग में जो तीन लाख घर हैं, उनको भी जल्द-से-जल्द स्वच्छ जल दिलवाया जाए और इस काम को बड़ी तेजी से किया जाए।

**माननीय सभापति :** श्री गजानन कीर्तिकर - उपस्थित नहीं।